समर एक्सप्रेस

नगर निगम चुनाव मोहाली 2026

चुनावी रण में गरजे दिग्गज, वॉर्डों में तेज हुआ प्रचार

कांग्रेस, आप, भाजपा, अकाली दल और आजाद उम्मीदवारों ने घर-घर जाकर मांगा समर्थन

साग़र पाहवा | मोहाली
समर न्यूज़



नगर निगम चुनाव को लेकर शहर का राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्मा गया है। सोमवार को चुनाव प्रचार के दूसरे दिन विभिन्न राजनीतिक दलों और आजाद उम्मीदवारों ने वार्डों में डोर टू डोर प्रचार अभियान तेज कर दिया।

सुबह से लेकर देर शाम तक उम्मीदवार और उनके समर्थक लोगों के बीच पहुंचे और अपने पक्ष में मतदान की अपील करते नजर आए। कई वार्डों में समर्थकों की भीड़, नारों और चुनावी चर्चाओं से माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंगा दिखाई दिया। कांग्रेस की ओर से पूर्व मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू ने वार्ड नंबर-10 में अपने बेटे और पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में प्रचार किया। उन्होंने लोगों से कांग्रेस को मजबूत बनाने की अपील करते हुए कहा कि नगर निगम में विकास कार्यों को गति देने के लिए अनुभवी नेतृत्व जरूरी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और पार्टी की नीतियों से अवगत कराया।

वहीं आम आदमी पार्टी की ओर से विधायक कुलवंत सिंह ने वार्ड नंबर-44 समेत अन्य वार्डों में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से शहर में लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं और नगर निगम में भी आप की जीत से विकास को और मजबूती मिलेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

भाजपा ने भी प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा जिला प्रधान संजीव वशिष्ठ और भाजपा नेता आभा बंसल ने वार्ड नंबर-7 में घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया। भाजपा नेताओं ने साफ-सुथरे प्रशासन, बेहतर सफाई व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं को चुनावी मुद्दा बनाते हुए लोगों से समर्थन मांगा।

शिरोमणि अकाली दल की ओर से जिला प्रधान परविंदर सिंह सोहाना ने वार्ड नंबर-39 में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने लोगों से मुलाकात कर पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

उधर, नगर निगम चुनाव में कई वार्डों में आजाद उम्मीदवार भी मजबूती से मैदान में डटे हुए हैं। स्थानीय मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ रहे इन उम्मीदवारों को भी लोगों का अच्छा समर्थन मिलता दिखाई दे रहा है। ऐसे में कई वार्डों में मुकाबला त्रिकोणीय और बेहद रोचक बनता जा रहा है।

कांग्रेस को झटका, पूर्व पार्षद कुलजिंदर कौर परिवार सहित AAP में शामिल

विधायक कुलवंत सिंह ने पार्टी में शामिल होने पर किया स्वागत

समर न्यूज़ | मोहाली



विधायक कुलवंत सिंह द्वारा नवजोत सिंह का आम आदमी पार्टी में शामिल होने पर स्वागत करते हुए। - समर न्यूज़

मोहाली नगर निगम चुनाव के प्रचार के दौरान आज आम आदमी पार्टी को बड़ी बढ़त मिली, जब वार्ड नंबर-25 से निर्दलीय उम्मीदवार कुलजिंदर कौर और उनके पति नवजोत सिंह बंचल अपने परिवार सहित आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। इस मौके पर पूर्व पार्षद कुलजिंदर कौर बंचल ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन वापस लेने का फैसला भी किया।

इस अवसर पर विधायक कुलवंत सिंह ने कुलजिंदर कौर और नवजोत सिंह का पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया। मीडिया से बातचीत करते हुए विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि कुलजिंदर कौर बंचल, उनके परिवार और समर्थकों का आम आदमी पार्टी में शामिल होना पार्टी के लिए मजबूती का संकेत है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का परिवार लगातार बढ़ रहा है और विभिन्न दलों के बड़े नेता पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर इसमें शामिल हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का काम किया है। पंजाब के विकास और युवाओं को रोजगार देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं तथा लगभग 70 हजार युवाओं को पक्की नौकरियां दी जा चुकी हैं।

इस मौके पर कुलदीप सिंह समाना, अवतार सिंह मौली, गुरसेवक सिंह सरपंच मौली बैदवान, सतविंदर सिंह मिट्ठू, हरजोत सिंह गब्बर, हरदीप सिंह, जसविंदर सिंह, भूपिंदर सिंह पंच, भूपिंदर सिंह जोहल, तरलोचन सिंह मटौर, बलजिंदर कौर और चरणजीत कौर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा ने नगर परिषद चुनावों के लिए डेराबस्सी में चुनावी रणनीति पर मंथन

गुरमीत सिंह | ज़ीरकपुर
समर न्यूज़



ज़ीरकपुर में एक साथ भाजपा नेता, चुनावी रणनीति के लिए एकत्र। - समर न्यूज़

भारतीय जनता पार्टी ने आगामी 26 मई को होने वाले नगर परिषद चुनावों को लेकर डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियाँ तेज कर दी हैं।

इसी क्रम में भाजपा पंजाब सचिव परमिंदर सिंह बराड़ की अगुवाई में डेराबस्सी विधानसभा के कोर ग्रुप के नेताओं और चुनाव इंचार्ज राकेश गुप्ता के साथ ज़ीरकपुर, डेराबस्सी और लालरू नगर काउंसिल चुनावों से संबंधित एक अहम बैठक हुई। बैठक के दौरान चुनावी रणनीति, बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, उम्मीदवारों और जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के विजन के अनुरूप पारदर्शी प्रशासन, विकास कार्यों और जन-कल्याण के मुद्दों को चुनावी मैदान में उठाएगी।

परमिंदर सिंह बराड़ ने कहा कि पार्टी कार्यकों की मेहनत और जनता के समर्थन के बल पर भाजपा आगामी नगर काउंसिल चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क अभियान तेज करने और पार्टी की नीतियों को लोगों तक पहुँचाने की अपील की।

इस मौके पर सूबा सचिव संजीव खन्ना, गुरदर्शन सिंह सैनी, एसएमएस संधु, मनप्रीत सिंह बन्नी संधु , मुकेश गांधी, हरजीत सिंह मिन्टा सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

चरणजीत सिंह टिवाणा अकाली दल छोड़ कांग्रेस में लौटे

गुरमीत सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज़



नंबरदार चरणजीत सिंह टिवाणा को सम्मानित करते कांग्रेस नेता दीपिंदर सिंह ढिल्लो। - समर न्यूज़

इलाके में शिरोमणि अकाली दल को बड़ा राजनीतिक झटका तब लगा जब गाँव ईसापुर के प्रभावशाली नेता और नंबरदार चरणजीत सिंह टिवाणा ने अकाली दल को अलविदा कहकर कांग्रेस पार्टी में फिर से घर वापसी कर ली।

कांग्रेस पार्टी के हल्का इंचार्ज दीपिंदर सिंह ढिल्लो ने नंबरदार चरणजीत सिंह टिवाणा और उनके साथियों का पार्टी में औपचारिक रूप से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने टिवाणा का स्वागत करते "जी आयां नू" कहा। बातचीत के दौरान हल्का इंचार्ज दीपेंद्र सिंह ने कहा कि नंबरदार चरणजीत सिंह टिवाणा के कांग्रेस में आने से पार्टी को इलाके में, खासकर गाँव ईसापुर में, बहुत मजबूती मिलेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। कांग्रेस में शामिल होने के बाद चरणजीत सिंह टिवाणा ने कहा कि वे कांग्रेस पार्टी की लोक-हितैषी नीतियों और हल्का इंचार्ज दीपिंदर सिंह के नेतृत्व से प्रभावित होकर अपने पुराने घर (कांग्रेस) में वापस आए हैं। उन्होंने कहा कि वे पार्टी की मजबूती के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे।

वॉर्ड नंबर 39 से AAP उम्मीदवार शरणजीत कौर ने तेज किया प्रचार

समर न्यूज़ | मोहाली

नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 39 से आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार और समाजसेवी नेता रूपा सोहाना की पत्नी शरणजीत कौर ने अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। वह अपने समर्थकों के साथ लगातार क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात कर रही हैं और चुनाव में समर्थन मांग रही हैं। चुनाव प्रचार के दौरान शरणजीत कौर ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें भरोसा दिलाया कि जीत के बाद वार्डवासियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वार्ड के विकास के लिए लगातार काम किया जाएगा और लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। शरणजीत कौर ने कहा कि वार्ड नंबर 39 में लोगों को जिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

बिना चुनाव लड़े डेराबस्सी के वॉर्ड 19 की पार्षद बनी हरजीत कौर

गुरमीत सिंह | डेराबस्सी
समर न्यूज़



हरजीत कौर और उनके पति की तस्वीर। - समर न्यूज़

नगर परिषद चुनाव के नामांकन पत्रों की पड़ताल के बाद वार्ड-19 की आम स्थिति बदल गई है—आम आदमी पार्टी की हरजीत कौर बिना मुकाबले पार्षद चुनी गई हैं। कुल 162 नामांकन पत्रों में से 13 रद्द कर दिए गए, जिनमें वार्ड-19 की मुख्य और कवरिंग प्रत्याशी शामिल थे। अकाली दल की बलविंदर कौर और परविंदर कौर तथा कांग्रेस की निवर्तमान पार्षद कुलविंदर कौर और सतिंदर कौर के कागजात जांच में खारिज कर दिए गए। इसके बाद वार्ड-19 में अब केवल आम आदमी पार्टी की हरजीत कौर ही मैदान में बचीं। चुनावी प्रक्रिया के नियमों के अनुसार जब कोई प्रतिद्वंद्वी नहीं बचता तो निर्विरोध विजेता घोषित किया जाता है; इस वार्ड की औपचारिक घोषणा मतदान के दिन ही की जाएगी। नामांकन खारिज होने पर प्रभावित उम्मीदवारों व उनके समर्थकों ने आम आदमी पार्टी पर सरकारी तंत्र के दुरुपयोग के आरोप लगाते हुए पहले एसडीएम कार्यालय और फिर गांव ईस्सापुर में नारेबाजी की। कुछ उम्मीदवारों ने अदालत का रुख करने की बात भी कही है। डेराबस्सी नगर परिषद में अब कुल 19 वार्डों में से 18 के लिए मुकाबला रहेगा, जबकि वार्ड-19 में हरजीत कौर धर्म पत्नी जसविंदर पाल सिंह बिना चुनाव लड़कर पार्षद बन गई हैं।

वॉर्ड नंबर 21 में शिअद के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

समर न्यूज़ | मोहाली




नगर निगम चुनावों को लेकर शिरोमणि अकाली दल ने वॉर्ड नंबर 21 (फेज-11) में अपने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला प्रधान परमिंदर सिंह सोहाना ने कार्यालय का औपचारिक उद्घाटन किया और कार्यकर्ताओं को चुनाव में पूरी ताकत के साथ जुटने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परमिंदर सिंह सोहाना ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल नगर निगम चुनाव पूरी मजबूती और एकजुटता के साथ लड़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और आने वाले चुनावों में अकाली दल बड़ी जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 21 में बरसाती पानी की निकासी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन मौजूदा सरकार इसे हल करने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं तक सही ढंग से नहीं मिल पा रही हैं। सोहाना ने कहा कि नगर निगम चुनाव पंजाब की राजनीति के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं और इनके नतीजे आने वाले विधानसभा चुनावों पर भी असर डालेंगे।

वॉर्ड-31 में कांग्रेस-भाजपा के नामांकन रद्द होने पर आप और अकाली दल के बीच सीधा मुकाबला

गुरमीत सिंह | जीरकपुर
समर न्यूज़






अकाली दल के हनुमंत बहुगुणा और आम आदमी पार्टी के गुरप्रीत सिंह विर्क।

नगर परिषद् चुनावों के नामज़दगियों की जांच के बाद वॉर्ड नंबर 31 की चुनावी तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। कांग्रेस और भाजपा के कई प्रमुख उम्मीदवारों के पर्चे खारिज होने के कारण अब इस वार्ड में मुख्य संघर्ष आम आदमी पार्टी और शिरोमणि अकाली दल के बीच ही रह गया है। जांच के दौरान कांग्रेस के अरविंद कुमार और परमजीत सिंह की नामज़दगियाँ रद्द कर दी गईं। इसी तरह भाजपा के परवीन मित्तल और संत्रो देवी भी चुनावी मैदान से बाहर हो गए हैं। दूसरी ओर, अकाली दल के हनुमंत बहुगुणा और गुरप्रीत सिंह विर्क के कागज़ मंज़ूर कर लिए गए हैं और वे चुनावी दौड़ में शामिल हैं। आम आदमी पार्टी की दूसरी उम्मीदवार स्नेह लता की नामज़दगी भी रद्द कर दी गई है। इन बदलावों से वॉर्ड 31 अब दो धड़ों वाला मैदान बन गया है। राज्य में मजबूत स्थिति बनाए रख रही AAP के लिए यह वार्ड राजनीतिक साख का मामला बन सकता है, जबकि अकाली दल इसे अपनी पारंपरिक जड़ों वाले इलाके में वापसी का अवसर समझ रहा है। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी है कि कांग्रेस और भाजपा के बाहर रहने से उनके वोट बैंक निर्णायक रूप से परिणामों को प्रभावित कर सकते हैं।

पहली बार चुनाव मैदान में उतरीं अंजलि सूद का बिजली-पानी के मुद्दों पर फोकस

महिला और पुरुष में कोई अंतर नहीं: अंजलि सूद

सारांश मेहरा | मोहाली
समर न्यूज़



नगर निगम चुनाव को लेकर शहर में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। सभी प्रत्याशी डोर-टू-डोर प्रचार कर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। वार्ड नंबर-39 से पहली बार चुनाव लड़ रहीं बीजेपी प्रत्याशी अंजलि सूद ने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने का भरोसा जताया है। द समर न्यूज ने उनसे खास बातचीत की। अंजलि सूद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने कार्यकर्ताओं में विश्वास जताते हुए उन्हें टिकट दी है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में महिला और पुरुष में कोई अंतर नहीं है और महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित कर रही हैं।

बिजली के तार और पानी बड़ी समस्या – उन्होंने बताया कि वार्ड में बिजली की तारों का जाल, पानी की समस्या और अव्यवस्थित वायरिंग लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। उनकी प्राथमिकता बिजली की तारों को व्यवस्थित करवाने और पानी की समस्या का समाधान करने की रहेगी, ताकि लोगों को राहत मिल सके। अंजलि सूद ने कहा कि उन्होंने कभी बेटी और बेटे में फर्क नहीं किया। उनकी बड़ी बेटी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बॉक्सिंग खेल चुकी है और रेलवे में नौकरी कर रही है। उन्होंने अभिभावकों से बेटियों को आगे बढ़ाने की अपील भी की। उन्होंने दावा किया कि वार्डवासियों और महिला शक्ति का समर्थन उन्हें मिल रहा है तथा जीत के बाद क्षेत्र की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

वार्ड-39 की प्रमुख समस्याएं
-बिजली की अव्यवस्थित तारें
-पानी की समस्या
-वायरिंग व्यवस्था सुधारने की जरूर

जनहित याचिका | हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब

बैलेट पेपर से वोटिंग के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



पंजाब में होने जा रहे नगर निगम, नगर काउंसिल और नगर पंचायत चुनाव 2026 को लेकर बड़ा कानूनी विवाद खड़ा हो गया है। पंजाब राज्य चुनाव आयोग द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) की बजाय बैलेट पेपर और बैलेट बॉक्स के जरिए चुनाव करवाने के फैसले को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

इस संबंध में मोहाली निवासी समाज सेविका रुचिता गर्ग की ओर से एडवोकेट हरनीत सिंह ओबराय और केतन गर्ग के माध्यम से जनहित याचिका दायर की गई है। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पंजाब राज्य चुनाव आयोग से बुधवार तक जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

याचिका में आरोप लगाया गया है कि चुनाव आयोग ने 12 मई 2026 को प्रशासनिक मेमो जारी कर अचानक बैलेट पेपर प्रणाली से चुनाव करवाने का फैसला लिया। याचिकाकर्ता का कहना है कि यह फैसला बिना किसी सार्वजनिक सलाह, गजट नोटिफिकेशन या विधायी संशोधन के लिया गया, जो चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है।

पिटीशन में सुप्रीम कोर्ट के 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' और डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी मामलों का हवाला देते हुए कहा गया है कि EVM और VVPAT प्रणाली को निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों के लिए जरूरी माना गया था। ऐसे में बैलेट पेपर प्रणाली की ओर लौटना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए पीछे हटने जैसा कदम है।

याचिका में यह भी दावा किया गया है कि पंजाब के कई जिलों—बरनाला, फाजिल्का, पठानकोट और तरनतारन—में चुनाव करवाने के लिए पर्याप्त बैलेट बॉक्स तक उपलब्ध नहीं हैं। आरोप है कि चुनाव आयोग अब दूसरे जिलों से बैलेट बॉक्स मंगाने की तैयारी कर रहा है, जो प्रशासनिक तैयारियों की कमी को दर्शाता है।

पिटीशन में पिछली स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान हुई कथित गड़बड़ियों और हिंसा का भी उल्लेख किया गया है। इसमें नकौदर में बैलेट बॉक्स छीनकर ले जाने और पटियाला में चुनावी हस्तक्षेप से जुड़े विवादों का हवाला दिया गया है।

याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट से मांग की है कि 12 मई 2026 के आदेश को रद्द कर आगामी निकाय चुनाव केवल EVM और VVPAT मशीनों से करवाने के निर्देश दिए जाएं। साथ ही अंतिम फैसला आने तक चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने की भी मांग की गई है। अब सभी की नजर बुधवार को होने वाली अगली सुनवाई पर टिकी हुई है।

वॉर्ड नंबर 19 से आजाद उम्मीदवार जसप्रीत कौर ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

पिछले 20 वर्षों से क्षेत्र की सेवा कर रहा परिवार, वॉर्ड के विकास को बताया प्राथमिकता

समर न्यूज़ | मोहाली



नगर निगम चुनाव को लेकर मोहाली में चुनावी माहौल लगातार गर्माता जा रहा है। वार्ड नंबर 19 से आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रही पूर्व काउंसलर जसप्रीत कौर गिल ने अपने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में वार्ड निवासी और समर्थक मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जसप्रीत कौर गिल ने कहा कि उनका परिवार पिछले करीब 20 वर्षों से वार्ड के लोगों की सेवा करता आ रहा है। उन्होंने बताया कि पहले उनकी माता स्वर्गीय अमतेश्वर कौर समाज सेवा में सक्रिय थीं। उनके निधन के बाद वार्ड निवासियों के कहने पर उन्होंने यह जिम्मेदारी संभाली और पिछले 10 वर्षों से लगातार लोगों की सेवा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 19 का विकास ही उनका मुख्य उद्देश्य है। क्षेत्र में बेहतर सड़कें, बिजली-पानी की सुविधाएं, पार्कों का विकास और बुजुर्गों की सेवा उनकी प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता का समर्थन मिलने पर वह पहले की तरह पूरी ईमानदारी से लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगी। इस अवसर पर एमआईजी सुपर वेलफेयर के जी.पी. सिंह ने कहा कि वार्ड के लोग जसप्रीत कौर गिल के साथ मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने दावा किया कि जसप्रीत कौर गिल भारी मतों से जीत दर्ज करेंगी क्योंकि लोगों को उनके काम और सेवाओं पर भरोसा है।

आजाद उम्मीदवार हर्षदीप शेरगिल ने तेज किया चुनाव प्रचार

समर न्यूज़ | मोहाली

नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 16 से आजाद उम्मीदवार हर्षदीप सिंह शेरगिल ने अपने समर्थकों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। इस दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात कर अपने पक्ष में मतदान की अपील की। हरदीप सिंह शेरगिल ने कहा कि वार्ड की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। उन्होंने कहा कि वार्ड में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा और पार्कों में फैली गंदगी को साफ करवाया जाएगा। इसके अलावा सड़कों और गलियों की मरम्मत करवाई जाएगी ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि वार्ड में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए भी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह। एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल। मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। *समाचार चयन के लिए PRP एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र लुधियाना होगा। RNI No. CHMUL/25/A1155